dainikbhaskar.com

राजनाथ 9 को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताने जयपुर आएंगे

Bhaskar News Network | May 27, 2017, 02:25 IST

जयपुर। केंद्रमें नरेंद्र मोदी सरकार के 3 साल पूरे होने पर प्रदेशभर में होने वाले कार्यक्रमों के लिए केंद्रीय मंत्रियों के दौरे तय हो गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह 9 जून को जयपुर आएंगे। यहां वे केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। अन्य केंद्रीय मंत्रियों में बिरेंद्र सिंह 29 मई को श्रीगंगानगर और सीकर, केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत सिंह 4 जून को भरतपुर और अलवर, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 28 29 मई को बीकानेर, हनुमानगढ़, केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी 10 जून को पाली, झुंझुनूं, केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी 29 मई को पाली के दौरे पर रहेंगे।